# श्याम का नाम | by Nisha Dwivedi

चलता जा तू चलता जा तू मान ना लेना हार
तेरा रस्ता देख रहा है सांवलिया सरकार
श्याम का नाम जपता जा, तू बस गुणगान करता जा
श्याम का नाम जपता जा, तू बस गुणगान करता जा

रट रट श्याम श्याम, भज भज श्याम श्याम, खोल के मुख दरवाजा
जग का परम ज्ञान, बस यही श्याम नाम, श्याम शरण में आजा

रस्ते भर तू सोचता आया क्या खोया क्या पाया है
किस्मत वाला है जो तुझको इसने गले लगाया है
ऐसा प्रेम बना लो बंद आँखों से हो दीदार
तेरा रस्ता देख रहा है सांवलिया सरकार
श्याम का नाम जपता जा, तू बस गुणगान करता जा
श्याम का नाम जपता जा हो .........

जिस चौखट पर तू आया है वहां कभी भी हार नहीं
मिलता है सम्मान यहाँ पर, मिलता है परिवार यहीं
नाम मिला है धाम मिला है अब किसकी दरकार
तेरा रस्ता देख रहा है सांवलिया सरकार
श्याम का नाम जपता जा, तू बस गुणगान करता जा

रट रट श्याम श्याम, भज भज श्याम श्याम, खोल के मुख दरवाजा
जग का परम ज्ञान, बस यही श्याम नाम, श्याम शरण में आजा

अरी बावली प्रेमी बनकर श्याम भजन में झूम ले
सच्चा सुख श्री श्याम चरण है इस चौखट को चूम ले
चंदा जब तक चलें ये सांसें होता रहे दीदार, मेरा छूटे ना दरबार
तेरा रस्ता देख रहा है सांवलिया सरकार
श्याम का नाम जपता जा, तू बस गुणगान करता जा
श्याम का नाम जपता जा हो .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-nisha-dwivedi/